## झारखण्ड शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद्

## रांची, झारखण्ड

## वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा - 2023

# अर्थशास्त्र मॉडल प्रश्न पत्र

[ पार्ट 1 ]

*प्रश्न संख्या - 40* *कुल अंक - 40* *समय - 1:30 घंटे*

**बहुविकल्पीय प्रश्न:-**

1. अर्थव्यवस्था की किस समस्या का सम्बन्ध उत्पादन की तकनीक के चयन से है ?

   A) क्या उत्पादन करें ?

   B) कितनी मात्रा में उत्पादन करें ?

   C) कैसे उत्पादन करें

   D) किसके लिए उत्पादन करें ?

2. कुल उपयोगिता अधिकतम होती है, जब सीमांत उपयोगिता का मान ...... होता है ।

   A) शून्य

   B) ऋणात्मक

   C) धनात्मक

   D) न्यूनतम

3. सामन्यात: एक उदासीनता वक्र होता है :-

   A) वृत्ताकार

   B) U आकर का

   C) मूल बिंदु की ओर उत्तल

   D) मूल बिंदु की ओर अवतल

4. सामान्यत: एक मांग वक्र कोई ढाल होती है :-

A) धनात्मक

B) ऋणात्मक

C) पहले धनात्मक फिर ऋणात्मक

D) पहले ऋणात्मक फिर धनात्मक

5. एक सरल रेखा मांग वक्र के मध्य बिंदु पर मांग की कीमत लोच ....... होती है :-

A) शून्य

B) एक

C) एक से अधिक

D) एक से कम

6. निम्न में से किस वक्र का आकर उल्टा होता है ?

A) औसत स्थिर लागत

B) औसत परिवर्ती लागत

C) सीमांत लागत

D) औसत उत्पाद

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

7. उत्पादन फलन $Q = AL\dot{\alpha}K_{\beta}$ में पैमाने का प्रतिफल की माप है :-

A) $\dot{\alpha} + {}_{\beta}$

B) $\dot{\alpha} - {}_{\beta}$

C) $\dot{\alpha} \times {}_{\beta}$

D) $\dot{\alpha} \div {}_{\beta}$

8. जब सीमांत लागत, औसत लागत से कम होती है, तब औसत लागत -

A) घटती है

B) न्यूनतम होती है

C) बढती है

D) अधिकतम होती है

9. उत्पादन की मात्रा में परिवर्तन करने पर किस लागत में परिवर्तन नहीं होता है /

A) औसत स्थिर लागत

B) औसत परिवर्ती लागत

C) सीमांत लागत

D) कुल स्थिर लागत

10.निम्नलिखित में से किस बाजार में एक फर्म कीमत स्वीकारक होता है ?

A) एकाधिकार

B) एकाधिकृत प्रतियोगिता

C) पूर्ण प्रतियोगिता

D) अल्पाधिकार

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

11.एक पूर्ण प्रतियोगी फर्म के संतुलन के लिए निम्न में से कौन सा विकल्प सही है ?


A) MR = MC

B) MR - MC = 0

C) MR ÷ MC = 1

D) इनमे से सभी

12.निम्नलिखित रेखाचित्र से पूर्ति की लोच के किस मान की माप होती है?




A) शून्य

B) एक से कम

C) एक से अधिक

D) एक

13.इकमुश्त कर लगाने से किसी वस्तु की पूर्ति पर क्या प्रभाव पढता है ?

A) पूर्ति कम हो जाती है

B) पूर्ति में वृद्धि हो जाती है

C) पूर्ति अपरिवर्तित रहती है

D) पूर्ति शुन्य हो जाती है

14.अन्य बातें समान रहने पर, किसी वस्तु की मांग में वृद्धि होने से बाजार संतुलन पर क्या प्रभाव पढता है ?

A) संतुलन कीमत में कमी एवं संतुलन मात्रा में वृद्धि होगी ।

B) संतुलन कीमत में वृद्धि एवं संतुलन मात्रा में कमी होगी ।

C) संतुलन कीमत और संतुलन मात्रा में वृद्धि होगी ।

D) संतुलन कीमत और संतुलन मात्रा में कमी होगी ।

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

15.आधिक्य मांग की स्थिति में कीमत में प्रवृत्ति होती है-

A) कमी होने की

B) वृद्धि होने की

C) शून्य होने की

D) अपरिवर्तित होने की

16.आधिक्य पूर्ति की स्थिति होती है जब-

A) D > S

B) D < S

C) D = S

D) D = S = 0

17.अन्य बाते समान रहने पर, किसी वस्तु की पूर्ति में कमी होने से बाजार संतुलन पर क्या प्रभाव होगा ?

A) संतुलन कीमत में कमी एवं संतुलन मात्रा में वृद्धि होगी ।

B) संतुलन कीमत में वृद्धि एवं संतुलन मात्रा में कमी होगी ।

C) संतुलन कीमत और संतुलन मात्रा में वृद्धि होगी ।

D) संतुलन कीमत और संतुलन मात्रा में कमी होगी ।

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

18.एकाधिकार में अधिकतम कुल आगम के उत्पादन स्तर पर वस्तु की मांग की कीमत लोच कितनी होगी ?

A) 0

B) 1

C) 1 से कम

D) 1 से अधिक

19.द्विधिकार में विक्रेताओं की कितनी संख्या होती है ?

A) 1

B) 2

C) 3

D) 4

20.निम्न में किस बाजार में विभेदीकृत वस्तुओं का उत्पादन होता है ?

A) एकाधिकार

B) एकाधिकार प्रतियोगिता

C) पूर्ण प्रतियोगिता

D) इनमे से सभी

21.'द जनरल थ्योरी ऑफ़ एम्प्लॉयमेंट इंटरेस्ट एंड मनी' नमक पुस्तक के लेखक कौन है ?

A) अल्फ्रेड मार्शल

B) एडम स्मिथ

C) जे.एम.कीन्स

D) जे.एन. केन्स

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

22.GDP और NDP में क्या सम्बन्ध है /

A) GDP = NDP - मूल्यह्रास

B) GDP = NDP + मूल्यह्रास

C) GDP = NDP × मूल्यह्रास

D) NDP = GDP + मूल्यह्रास

23.निम्न में से किस वस्तु के निर्माण में गेंहू एक मध्यवर्ती वस्तु है ?

A) चपाती

B) बिस्कुट

C) ब्रेड

D) इनमे से सभी

24.किसी वर्ष जीडीपी की गणना में निम्न में से किस मद के मूल्य को शामिल नहीं किया जाता है ?

A) नई कार का मूल्य

B) प्रयुक्त कार का बिक्री मूल्य

C) शिक्षक का शिक्षण शुल्क

D) ब्रेड का मूल्य

25.निम्नलिखित में से किस विधि से जीडीपी की गणना की जा सकती है ?

A) मूल्य वृद्धि विधि

B) आय विधि

C) व्यय विधि

D) इनमे से सभी

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

26.सन 2016 में किये गए विमुद्रीकरण में किस मूल्य के नोट को बाजार प्रचलन से बाहर कर दिया गया था ?

A) ₹50 और ₹100

B) ₹500 और ₹1000

C) ₹500 और ₹200

D) ₹200 और ₹1000

27.निम्न में से कौन सा एक कार्य केंद्रीय बैंक का नहीं है ?

A) मुद्रा निर्गमन

B) साख नियंत्रण

C) जनता से जमा स्वीकार करना

D) सरकार का बैंकर

28.भारत का केंद्रीय बैंक है :-

A) भारतीय स्टेट बैंक

B) सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया

C) भारतीय रिज़र्व बैंक

D) बैंक ऑफ़ इंडिया

29.निम्नलिखित में से सबसे तरल मुद्रा कौन सी है ?

A) M1

B) M2

C) M3

D) M4

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

30.उपभोग फलन C = A + bY में प्रेरित उपभोग है :-

A) A

B) b

C) C

D) bY

31.MPC + MPS = ............


A) 0

B) 1

C) 2

D) Infinitive

32.निम्न रेखाचित्र में स्वायत निवेश की रेखा है :-




A) AB
B) OX
C) CD
D) EF

33.किसी अर्थव्यवस्था में यदि MPS=0.4 है तो गुणक का मान होगा?

A) 1

B) 0.4

C) 0.6

D) 2.5

34.निम्न में से प्रत्यक्ष कर का एक उदाहरण कौन सा नहीं है ?

A) उपहार कर

B) संपत्ति कर

C) वस्तु एवं सेवा कर

D) आयकर

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

35.निम्न में से सार्वजनिक वस्तु का एक उदाहरण कौन सा है ?

A) कार

B) सड़क

C) चाकलेट

D) कपडा

36.भारत में GST कब लागु किया गया था?

A) 1991

B) 2016

C) 2017

D) 1947

37.राजस्व व्यय एवं राजस्व प्राप्तियों के अंतर को क्या कहते है ?

A) राजकोषीय घाटा

B) प्राथमिक घाटा

C) व्यापार घाटा

D) राजस्व घाटा

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

38.व्यापार संतुलन क्या है ?

A) आयत और निर्यात का अन्तर

B) निर्यात और आयात का अंतर

C) आयत और निर्यात का योग

D) आयत और निर्यात का गुणनफल

39.यदि कोई भारतीय किसी चीनी मोबाइल कंपनी को खरीदता है तो इस लेन - देन को भारत के भुगतान संतुलन में कहाँ दर्ज किया जायगा ?

A) चालू खाते के डेबिट मद में

B) चालू खाते के क्रेडिट मद में

C) पूंजी खाते के डेबिट मद में

D) पूंजी खाते के क्रेडिट मद में

40.निम्नलिखित में से कौन सा मद भुगतान संतुलन के चालु खाते का एक घटक है ?

A) प्रत्यक्ष निवेश

B) विदेशी ऋण

C) विदेशी सहायता

D) वस्तुओं का निर्यात

[ पार्ट 2 ]

झारखण्ड शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद्

रांची, झारखण्ड

वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा - 2023

## अर्थशास्त्र मॉडल प्रश्न पत्र

*प्रश्न संख्या - 19* *कुल अंक - 40* *समय - 1:30 घंटे*

**खंड A अति लघु उत्तरीय प्रश्न**

*निम्नलिखित में से किन्ही 5 प्रश्नों के उत्तर दीजिये। ( 2 अंक × 5=10 )*

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

1. **व्यष्टि अर्थशास्त्र को परिभाषित कीजिये ।**

**उत्तर:-** अर्थशास्त्र की वह शाखा जिसके अंतर्गत अर्थव्यवस्था की व्यक्तिगत एवं सूक्ष्मतम समस्याओं का अध्ययन किया जाता है।

2. **बाजार से क्या अभिप्राय है ?**

**उत्तर:-** बाजार वह क्षेत्र है जहाँ क्रेता एवं विक्रेता किसी वस्तु की एक निश्चित कीमत पर खरीदने या बेचने के लिए आपसी संपर्क में आते है ।

3. **एकाधिकार का अर्थ लिखिए ।**

**उत्तर:-** एकाधिकार बाजार की एक ऐसी स्थिति है जहाँ किसी वस्तु का केवल एकमात्र विक्रेता होता है , वह स्वयं बाजार होता है और वस्तु की कीमत का निर्धारण भी वह स्वयं ही करता है ।

4. **एकाधिकार में कीमत एवं सीमांत लागत के बीच कैसा सम्बन्ध होता है ?**

**उत्तर:-** एकाधिकार और सीमांत लागत के बीच विपरीत सम्बन्ध होता है अर्थात कीमत और सीमांत लागत का अंतर जितना अधिक होगा एकाधिकारी शक्ति भी उतनी अधिक होगी ।

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

5. **आर्थिक एजेंट से आप क्या समझते है ? उदाहरण दीजिये ।**

**उत्तर:-** आर्थिक एजेंट का अर्थ है वह व्यक्ति या संस्था जो अर्थव्यवस्था की आर्थिक क्रियाओं जैसे उत्पादन, उपभोग आदि को करता है । जैसे उत्पादक, उपभोक्ता आदि।

6. **सरकारी बजट से आप क्या समझते है ?**

**उत्तर:-** सरकारी बजट देश की सरकार का आगामी वित्तीय वर्ष के लिए आनुमानित प्राप्तियों और आनुमानित व्ययों का विवरण होता है ।

7. **आयात - प्रतिस्थापक से क्या समझते है ?**

**उत्तर:-** आयत प्रतिस्थापक का अर्थ है उन वस्तुओं का उत्पादन अपने देश में करना जिनका आयत किया जाता है ।

## **खंड B लघु उत्तरीय प्रश्न**

*निम्नलिखित में से किन्ही 5 प्रश्नों के उत्तर दीजिये। ( 3 अंक × 5 = 15 )*

8. **किसी वस्तु की मांग को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिये ।**

**उत्तर:-** मांग को प्रभावित करने वाले कारक:

i. **वस्तु की उपयोगिता** - अधिक उपयोगिता वाली वस्तुओं की मांग अधिक होती है और कम उपयोगिता वाली वस्तुओं की मांग कम होती है।

ii. **आय स्तर** - उपभोक्ता की आय अधिक होने पर उसकी मांग बढ़ जाती है जबकि आय घटने पर मांग भी घट जाती है।

iii. **वस्तु की कीमत** - वस्तु की कीमत कम होने पर उसकी मांग बढ़ जाती है जबकि कीमत बढ़ने पर उसकी मांग भी घट जाती है।

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

iv. **उपभोक्ता की रुचि, फैशन और आदत** - वस्तु की मांग पर उपभोक्ता की रुचि, फैशन और आदत का अधिक प्रभाव होता है।

v. **स्थानापन्न वस्तुएं** - स्थानापन्न वस्तुओं की कीमतें संबंधित वस्तुओं की मांग को प्रभावित करते है।

**9. अल्पकालीन उत्पादन फलन एवं दीर्घकालीन उत्पादन फलन में अंतर स्पष्ट कीजिये ।**

**उत्तर:-** अल्पकालीन उत्पादन फलन एवं दीर्घकालीन उत्पादन फलन में अंतर-

| अल्पकालीन उत्पादन फलन | दीर्घकालीन उत्पादन फलन |
| --- | --- |
| यह उत्पादन फलन की एक अल्पकालीन अवधारणा है । ( एक वर्ष से कम ) | यह उत्पादन फलन की एक दीर्घकालीन अवधारणा है । (एक वर्ष से अधिक) |
| अल्पकाल में कुछ साधन स्थिर होते है तथा कुछ साधन परिवर्तनशील होते है । | दीर्घकाल में कोई भी साधन स्थिर नहीं होता है । |
| अल्पकाल में केवल कुछ साधनों में ही परिवर्तन किया जा सकता है । | दीर्घकाल में सभी साधनों को एक निश्चित अनुपात में परिवर्तन किया जा सकता है । |
| इसके अंतर्गत परिवर्तनशील साधनों की मात्रा में होने वाले परिवतन से कुल उत्पादन पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन किया जाता है । | इसके अंतर्गत उताप्दन के साधनों एवं उत्पादन की मात्र में होने वाले आनुपातिक संबंधों का अध्ययन किया जाता है । |
| इसे एक साधन के प्रतिफल का नियम कहा जाता है। | इसे पैमाने के प्रतिफल का नियम कहा जाता है । |

**10.बाजार की शक्तियों का वर्णन कीजिये ।**

**उत्तर:-** बाजार की शक्ति एक फर्म की उस कीमत को प्रभावित करने की क्षमता को संदर्भित करती है जिस पर वह आर्थिक लाभ बढाने के लिए उत्पाद या सेवा की आपूर्ति या मांग में हेरफेर करके उत्पाद या सेवा बेचती है ।

दुसरे शब्दों में, बाजार की शक्ति तब होती है जब एक फर्म पूरी तरह से लोचदार मांग वक्र का सामना नहीं करती है राजस्व खोये बिना सीमांत लागत (MC) से उपर अपनी कीमत निर्धारित कर सकती है ।

यह इंगित करता है की बाजार की शक्ति का परिणाम कीमत और सीमांत लागत के बीच अंतर के साथ एक फर्म के अधिकतम उत्पादन के स्तर से जुदा हुआ है।

**बाजार शक्ति के स्रोत:-**

- प्रवेश के लिए उच्च बाधाये
- पैमाने का बढ़ता प्रतिफल
- उच्च स्टार्ट अप लागत
- उपभोक्ता की ब्रांड निष्ठा और प्रतिष्ठा पर उपभोक्ताओं द्वारा रखा गया मूल्य
- सरकार की नीतियाँ या नियम ।

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

**11.राष्ट्रीय आय की गणना की उत्पाद विधि का वर्णन कीजिये ।**

**उत्तर:- राष्ट्रीय आय की गणना की उत्पाद विधि:-** उत्पाद विधि के अंतर्गत देश के घरेलु सीमा में देश के निवासियों के द्वारा उत्पादित अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं के बाजार मूल्य का योग किया जाता है और उसमे से मूल्यह्रास तथा शुद्ध अप्रत्यक्ष कर को घटाकर विदेशो से प्राप्त शुद्ध साधन आयों को जोड़ा जाता है ।

उत्पाद विधि द्वारा राष्ट्रीय आय ज्ञात करने के लिए निम्नलिखित चरणों का प्रयोग किया जाता है :-

चरण 1- उत्पादन मूल्य की गणना फर्मों द्वारा उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के बाजार मूल्य को उत्पादन मूल्य कहा जाता है -

उत्पादन मूल्य = बिक्री की मात्रा + स्टॉक में परिवर्तन

चरण 2- मूल्य वृद्धि की गणना - इस चरण में उत्पादन के मूल्य में मध्यवर्ती वस्तुओं के मूल्य को घटाकर मूल्य वृद्धि की गणना की जाती है ।

मूल्य वृद्धि = उत्पादन का मूल्य - मध्यवर्ती वस्तु / मध्यवर्ती उपभोग

चरण 3- सकल मूल्य वृद्धि (GVA) की गणना - उत्पादन के प्रत्येक क्षेत्र द्वारा उत्पादित मूल्य व्रद्धी का योग किया जाता है । इसे बाजार मूल्य ,उल्या पर सकल घरेलू उत्पाद भी कहा जाता है ।

सकल मूल्य वृद्धि ( GVAmp / GDPmp) = VAp + VAs + VAt

चरण 4- राष्ट्रीय आय (NNPfc) की गणना -

राष्ट्रीय आय (NNPfc) = GDPmp - मूल्य ह्रास - शुद्ध अप्रत्यक्ष कर (NIT) + NFIA

12.मुद्रा के किन्ही तीन मुख्य कार्यों का उल्लेख कीजिये ।

उत्तर:- मुद्रा के कार्य :-

1. विनिमय का माध्यम - मुद्रा का प्रथम कार्य है वस्तुओं और सेवाओं के विनिमय के माध्यम के रूप में कार्य करना, जिससे क्रय विक्रय करने की प्रक्रिया सरल हो सके । यह विनिमय का एक अप्रत्यक्ष प्रणाली है ।
2. मूल्य के मापक का कार्य - सभी प्रकार की वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य आज के समय मुद्रा के द्वारा ही व्यक्त की जाती है। जब सभी वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य मुद्रा के रूप में व्यल्ट किये जाते है तो

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

तुलनात्मक दृष्टि से दो वस्तुओं के मूल्य की तुलना करना सरल हो जाता है ।

3. **भावी / स्थगित भुगतानों का आधार** - आज का सम्पूर्ण आर्थिक ढांचा साख पर आधारित है अर्थात अधिकांश लेन देन उधर में होता है । मुद्रा का एक कार्य यह भी है की भावी भुगतान का एक बहुत बड़ा सुगम साधन है । क्योकिं मुद्रा का मूल्य स्थिर होता है और इसे सर्व सहमती भी प्राप्त होती है ।

**13.समग्र मांग के घटकों को लिखिए ।**

**उत्तर:-** किसी के सभी नागरिको द्वारा किये जाने वाले अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के मांगों का योग समग्र मांग कहलाता है ।

समग्र मांग के घटको को दो वर्गों में बनता गया है :-

1. **बंद अर्थव्यवस्था में** :- एक बंद अर्थव्यवस्था में समग्र मांग के दो प्रमुख घटक होते है परिवार क्षेत्र और उत्पादक क्षेत्र । इसमें विदेशी व्यापार की अनुपस्थिति होती है -

   $AD = C + I$

   यहाँ, AD - सामूहिक मांग

   C - उपभोग व्यय (परिवार का व्यय)

   I - निवेश व्यय (उत्पदाकों का व्यय)

   अथवा, इसमें सरकारी क्षेत्र (G) को भी शामिल करने पर,

   $AD = C + I + G$

2. **खुली अर्थव्यवस्था में**:- खुलीं अर्थव्यवस्था में घरेलू खेत्रो के आलावा विदेशी व्यापर को भी शामिल किया जाता ।

   $AD = C + I + G + (X - M)$

   यहाँ, (X - M) का अर्थ है शुद्ध निर्यात = निर्यात - आयात

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

14.यदि MPC का मान 0.75 है, तो गुणक का मान ज्ञात कीजिये ।

उत्तर:- MPC = 0.75

गुणक (K) = 1/ 1- MPC

K = 1 / 1- 0.75

K = 1/ 0.25

K = 100/ 25

K = 4

गुणक 4 होगा ।


## खंड C दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

*निम्नलिखित मे से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिये । (5 अंक ×5= 25)*

15.निम्नलिखित तालिका से मांग की कीमत लोच की गणना कीजये ।

| वस्तु की कीमत (Price) | वस्तु की मांग की मात्रा (Quantity) |
|---|---|
| 5 | 20 |
| 4 | 30 |

उत्तर:-



| कीमत (P) | मात्रा (Q) |
|---|---|
| 5 | 20 |
| 4 | 30 |

$$ed = \frac{\Delta Q}{Q} \times \frac{P}{\Delta P}$$

यहां, $\Delta Q = 30-20 = 10$

$\Delta P = 4-5 = -1$

$$\therefore ed = \frac{10}{20} \times \frac{5}{-1}$$

$$ed = \frac{5}{-2}$$

$$ed = -2.5$$

**16.सीमांत उत्पाद और औसत उत्पाद में सम्बन्ध की व्याख्या कीजिये ।**

**उत्तर:- सीमांत उत्पाद :- किसी परिवर्तनशील साधन की एक अतिरिक्त इकाई का या कम इकाई का न्प्रयोग करने से कुल उत्पाद (TP) मव जो अन्तर आता है उसे सीमांत लागत कहते है ।**

**औसत उत्पाद :- परिवर्तनशील साधन की प्रति इकाई उत्पाद को औसत उत्पाद कहते है । अथवा**

**कुल उत्पाद (TP) को परिवर्तनशील साधनों की (L) से भाग देने पर जो राशि प्राप्त होती है, उसे औसत उत्पाद कहते है ।**

**सीमांत उत्पाद और औसत उत्पाद में सम्बन्ध:-**

1. **औसत उत्पाद (AP) और सीमांत उत्पाद (MP) दोनों की गणना कुल उत्पाद (TP) से की जाती है -**

   **औसत उत्पाद = कुल उत्पाद / परिवर्तनशील साधन की इकाइयाँ**

   **AP = TP / L**

   **सीमांत उत्पाद = कुल उत्पाद में परिवर्तन / परिवर्तनशील साधनों में परिवर्तन**

   **MP = ΔTP / ΔL**

| परिवर्तनशील साधन की इकाइयाँ (L) | कुल उत्पाद TP | सीमांत उत्पाद TP | औसत उत्पाद AP |
|---|---|---|---|
| 1 | 40 | 40 | 40 |
| 2 | 90 | 50 | 45 |
| 3 | 130 | 40 | 43.3 |
| 4 | 160 | 30 | 40 |
| 5 | 180 | 20 | 36 |
| 6 | 180 | 0 | 30 |
| 7 | 160 | -20 | 22.8 |

2. **कुल उत्पाद के बढ़ने से सीमांत उत्पाद और औसत उत्पाद दोनों ही घटते है किन्तु MP, AP की तुलना में अधिक तेजी से घटती है ।**

3. औसत उत्पाद घटती है लेकिन कभी भी सीमांत उत्पाद की तरह ऋणात्मक नहीं होती है ।

**17.पूर्ण प्रतियोगिता में एक फर्म का संतुलन की व्याख्या कीजिये ।**


**उत्तर:- :-** **प्रो. मार्शल** के अनुसार एक पूर्ण प्रतियोगिता बाजार किसी वस्तु के मूल्य निर्धारण वस्तु के मांग पक्ष और पूर्ति पक्ष के द्वारा होता है । उनके अनुसार मांग पक्ष उपभोक्ता से संबंधित होता है , जो कम से कम कीमत पर अधिक मात्रा खरीदना चाहता है जबकि पूर्ति पक्ष उत्पादक से संबंधित है जो अधिक से अधिक कीमत पर ज्यादा मात्रा बेचना चाहता है। इस प्रकार बाजार में जिस बिंदु या कीमत पर उपभोक्ता वस्तु को खरीदने और उत्पादक उसे बेचने के लिए तैयार हो जाये उसे संतुलन मूल्य कहा जाता है ।

अर्थात जिस बिंदु पर वस्तु की मांग और वस्तु की पूर्ति दोनों बराबर हो उस बिंदु पर बस्तुं का मूल्य निर्धारित हो जाता है ।

**संतुलन कीमत → वस्तु की मांग = वस्तु की पूर्ति**

उदहारण :-

| कीमत (₹) | मांग (D) | पूर्ति (S) |
|---|---|---|
| 2 | 100 | 20 |
| 4 | 80 | 40 |
| 6 | 60 | 60 |
| 8 | 40 | 80 |
| 10 | 20 | 100 |




उपरोक्त उदाहरन के आधार पर जब वस्तु की कीमत ₹6 है तब वस्तु की मांग और पूर्ति दोनों ही 60 है । कीमत ₹6 को संतुलन कीमत कहेंगे ।

18.निम्नलिखित आंकड़ों से शुद्ध मूल्य वृद्धि की गणना कीजिये -

| | लाख ₹ में |
|---|---|
| विक्रय | 200 |
| कच्चे माल का क्रय | 50 |
| अंतिम स्टॉक | 15 |
| प्रारम्भिक स्टॉक | 10 |
| अचल पूंजी का उपभोग | 10 |

उत्तर:-

शुद्ध मूल्य वृद्धि (NVA) = विक्रय + (अंतिम स्टॉक - प्रारम्भिक स्टॉक) - कच्चे माल का क्रय - अचल पूंजी का उपभोग

शुद्ध मूल्य वृद्धि (NVA) = 200 + ( 15 - 10) – 50 – 10

शुद्ध मूल्य वृद्धि (NVA) = 200 + 5 – 65

शुद्ध मूल्य वृद्धि (NVA) = ₹ 145 लाख

19.मुद्रा की पूर्ति से क्या तात्पर्य है? भारतीय रिज़र्व बैंक के द्वारा प्रकाशित मुद्रा की पूर्ति की वैकल्पिक मापों को परिभाषित कीजिये ।

उत्तर:- मुद्रा की पूर्ति :- मुद्रा पूर्ति से अभिप्राय किसी समय विशेष पर एक देश में प्रचलित वैधानिक मुद्रा की कुल मात्रा से है ।

वैधानिक मुद्रा में देश में चलन में आये नोट व सिक्के शामिल है जोकि विनिमय के माध्यम के रूप में काम में लाये जाते है ।

भारतीय रिज़र्व बैंक के मुद्रा की पूर्ति के माप :-

भारतीय रिज़र्व बैंक ने आरम्भ में मुद्रा की पूर्ति के चार वैकल्पिक मापों M1, M2, M3 तथा M4 का प्रयोग किया था । इन मापों से संबंधित जानकारी अप्रैल, 1977 से नियमित रूप से रिज़र्व बैंक प्रदान करता है । संक्षेप में ये धारणाये निम्नलिखित है :-

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

1. **M1 माप = M1 = C + DD + OD**

यहाँ,

C- सिक्को और नोटों के रूप में जनता के पास करेंसी

DD- बैंकों की मांग जमा ( इन जमाओं को मांगने पर चैकों द्वारा या तो निकाला जा सकता है या किसी को हस्तांतरित किया जा सकता है )।

OD - अन्य जमायें । इसमें निम्नलिखित जमायें सम्मिलित होती है -

A) RBI के पास सार्वजानिक वित्तीय संस्थाओं जैसे IDBI की मांग जमायें

B) RBI के पास विदेशी केंद्रीय बैंकों तथा विदेशी सरकारी बैंकों की मांग जमायें ।

C) अनतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं जैसे IMF तथा विश्व बैंक की मांग जमायें।

M1 मुद्रा माप को RBI ने संकुचित मुद्रा का माप दिया है ।

2. **M2 माप = M1 + SD**

M2 के अंतर्गत M1 के सभी घटको के साथ साथ डाकघर में जनता की बचतों (SD) को भी सम्मिलित किया जाता है ।

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

3. **M3 माप = M1 + FD**

M3 विस्तृत मुद्रा है।इसी को सामान्य मुद्रा मापक के रोंप में प्रयोग किया जाता है । इसमें M1 के सभी घटकों के साथ साथ व्यापारिक बैंकों में लोगों की शुद्ध सावधि जमाओं (FD) को भी सम्मिलित करते है ।

4. **M4 माप = M3 + डाकघरों में कुल जमायें (राष्ट्रीय बचत पत्रों को छोड़कर)**

**M4 माप M3 माप की तुलना में एक वृहद् अवधारणा है इसमें M3 के सभी अवयवों के आलावा डाकघर की बचतों (राष्ट्रीय बचत पत्रों को छोड़कर) को सम्मिलित किया जाता है ।**

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE